>

Title: Need to ensure sale of coal from coal blocks at appropriate price in the country.

**श्री शिवराज भैया (दमोह):** अरूणाचल प्रदेश मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन अरूणाचल सरकार की कंपनी है। जिसको कोल ब्लॉक भारत सरकार द्वारा आवंटित किया गया है । जो कोयला पांच हजार रूपये प्रति टन है वह केवल 1250/- रूपये प्रति टन लेकर बेचा जा रहा है । जोकि उसके उचित मूल्य से काफी कम है । कोयला देश की सीमित मात्रा में उपलब्ध संपत्ति है । दो दिन में एक रैक कोयला लगभग 2600 टन चाराली स्टेशन (90 किमी. दूर खदान) से लदान होता है और देश में पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश जाता है।

यह कार्य विगत पांच वर्षों से चल रहा है, जबकि कोल इंडिया की स्वयं की माइन्स मारग्रेटा (असम) में है जो अपना कोयला ई-आक्सन और लिंकेज के माध्यम से बेचती है जिसकी कीमत 7000/- रूपये प्रति टन होती है । यदि यही कोयला अरूणाचल सरकार ई-आक्सन के द्वारा बेचती तो इस कोयला का काफी अच्छा दाम अरूणाचल सरकार को मिलता । आज देश में कोयले की इतनी कमी है । ाेरा सरकार से आग्रह है कि देश में कोयले की उपयोगिता को देखते हुए सरकार इसकी बिक्री उचित माध्यम से कराने की व्यवस्था करें ताकि कोयले से प्राप्त राशि से राजकोष में वृद्धि हो सके ।